भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †4837

सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में 'हृदय' योजना

†4837. श्री मलैयारासन डी.:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना (हृदय) योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) 'हृदय' योजना के अंतर्गत तमिलनाडु के कितने शहरों को शामिल किया गया है और इस संबंध में कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) तमिलनाडु के उन विशिष्ट विरासत स्थलों और शहरों का ब्यौरा क्या है जिन्हें हृदय योजना से इस पहल के अंतर्गत लाभ हुए हैं और विकास कार्य किए गए हैं;

(घ) तमिलनाडु में 'हृदय' योजना के अंतर्गत विरासत शहरों के सतत विकास और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार तमिलनाडु के विरासत शहरों में पर्यटन को बढ़ावा देने और अवसंरचना में सुधार करने में हृदय योजना के प्रभाव की निगरानी और मूल्यांकन किस प्रकार करने की योजना बना रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना (हृदय) का संचालन नहीं कर रहा है। राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना (हृदय) 21 जनवरी, 2015 को शुरू की गई थी। यह मिशन 31 मार्च, 2019 को समाप्त हो गया और इसके विरासत वाले घटक का पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत "राष्ट्रीय तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)" में विलय कर दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय “तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान” (प्रशाद) योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में चिह्नित धार्मिक एवं विरासत स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों (राज्य सरकारों) और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। प्रशाद योजना के तहत मंत्रालय का उद्देश्य रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और देश भर की स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पर्यटन अवसंरचना का समग्र और सतत विकास करना है। तमिलनाडु राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

****

अनुबंध

श्री मलैयारासन डी. द्वारा तमिलनाडु में 'हृदय' योजना के संबंध में दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †4837 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99
2.	2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86
3.	2024-25	8 नवग्रह मंदिरों का विकास	40.94

******